**Regarding construction of rail over bridge at Madiyahu railway station in Jaunpur, Uttar Pradesh**

एडवोकेट प्रिया सरोज **(**मछलीशहर**) :** महोदय, मैं आपका ध्यान उत्तर रेलवे के मडियाहू रेलवे स्टेशन, जिला जौनपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित रेलवे फाटक 9, SPL की ओर दिलाना चाहती हूं । यह फाटक मडियाहू-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है । इस फाटक से बनारस, मछलीशहर, मिर्जापुर, वाराणसी, जौनपुर और जलालपुर आने-जाने वाले लोगों और वाहनों को गुजरना पड़ता है । यहां अक्सर भारी जाम लगता है, जिससे आम लोगों को बड़ी परेशानी होती है । एम्बुलेंस, मरीजों, स्कूली बच्चों और पैदल चलने वालों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है । चारों ओर से सड़कें मिलती है, जिससे जाम की समस्या और बढ़ जाती है ।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करती हूं कि आम जनता की सुविधा के लिए इस रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर ब्रिज बनवाने की कृपा करें, जिससे यातायात सुगम हो और लोग राहत महसूस करें ।